# सड़कों पर नहीं दौड़ पा रही ई-बस सेवा

## स्मार्ट सिटी के माध्यम से व्यवस्थाएं जून माह के अंत तक करनी थी पूरी, आज दिनांक तक नहीं हो सकी व्यवस्थाएं

नवभारत न्यूज

**सागर 22 अगस्त. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी की सड़कों पर ई-बस सेवा शुरु नहीं हो पा रही है. जबकि बसें पहले से ही उपलब्ध हैं और जिला प्रशासन द्वारा स्मार्ट सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड को जून माह के अंत तक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए थे.**



मालूम हो कि संभागीय मुख्यालय सागर पीएम ई बस सेवा के अंतर्गत चयनित हुआ है और शहर में बसें पूर्व से ही उपलब्ध है। जो कि इन्फ्रास्ट्रेक्चर की कमी के कारण सड़कों पर दौड़ नहीं पा रही है. जून माह के प्रथम पखवाड़े में कलेक्टेट में आयोजित बैठक में पीएम ई-बस सेवा के क्रियान्वयन और प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने स्मार्ट सिटी को निर्देशित किया था कि बस स्टैंड की व्यवस्थाएं 30 जून तक सुनिश्चित कराई जाएं. इन्फ्रास्ट्रेक्चर की कमी के कारण आमजन को आधुनिक परिवहन सेवा से और अधिक वंचित नहीं रखा जा सकता है. डिपो संचालन के लिए सबसे महत्वपूर्ण कंट्रोल रुम का कार्य कराया जाना आवश्यक बताया था.

मालूम हो कि न्यू आरटीओ ऑफिस के पास तिलीमाफी में बन रहे ई-बस डिपो के विद्युतीकरण की समीक्षा में कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी और ट्रांसमिशन विभाग के अधिकारियों को समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए थे. डिपो परिसर में निर्माणाधीन 1.5 एमवीए, 33 केवी सब-स्टेशन और सुआताला फीडर से 1500 केवीए ईवी चार्जिंग स्टेशन के लिए बिजली लाइन खींचने के काम को 30 जून तक पूरा करने की समय-सीमा तय की गई थी. सागर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड और सिविल विंग को डिपो के भीतर चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने को कहा गया था. लेकिन वर्तमान स्थिति की समीक्षा में पाया गया था कि डिपो के संचालन के लिए सबसे महत्वपूर्ण कंट्रोल रूम का काम मौके पर तेजी से चालू है, बसों की तकनीकी जांच और मरम्मत के लिए बनने वाले मेंटेनेंस पिट और प्रशासनिक भवन के सिविल कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है. कलेक्टर ने सिविल इन्फ्रास्ट्रक्चर के और इलेक्ट्रिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए स्वीकृत बजट का सही और त्वरित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे. कलेक्टर ने निर्देश दिए थे कि योजना के तहत प्रस्तावित शहरी और उप-शहरी रूट्स पर बसों का ट्रायल और संचालन इस तरह से प्लान किया जाए कि बिजली का काम पूरा होते ही बसें सड़कों पर दौड़ने लगे. मगर आज दिनांक तक शहरवासियों को ई-बस सेवा का लाभ नहीं मिल पा रहा है.

# जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**सागर 22 अगस्त. योग का अभ्यास मनुष्य को स्वस्थ शरीर और मन का लाभ प्रदान कराता है। उक्त उद्गार संतोष जैन घड़ी ने छठवीं जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किये.**




श्री जैन ने आगे कहा कि हम पाश्चात्य सभ्यता और विचारों से प्रभावित होकर अपनी को मॉडर्न कहने की होड़ में अपनी देशज परंपराओं और संस्कृति को भूलते जा रहे है। जो समाज में विघटन का कारण बन रहा है। योग विद्या जीवनोपयोगी विद्या है, इसलिये सभी को इसे अपनाना चाहिये। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत क्षेत्र सामाजिक समरसता प्रमुख श्री सुनील देव ने भारत माता के ओजस्वी जयघोष के साथ कहा कि आदियोगी शंकर से उद्भूत योग सारे संसार में गया। विदेशी तकनीक की जिमनास्टिक खेल पद्धति योग प्राणायाम का मिला जुला प्रयोग है जो शारीरिक स्वास्थ्य तो प्रदान करती है परंतु योग विद्या की साधना एवं अभ्यास जीवन से जीवन्मुक्ति अर्थात मोक्ष की ओर ले जाता है क्योंकि इसमें यमनियम के साथ धारणा,ध्यान और समाधी का अभ्यास कराया जाता है। योग जोड़ने का कार्य करता है, मनुष्य अकेले इस जगत में आता है, फिर परिवार से जुड़ता है, परिवारों से समाज तथा समाज से राष्ट्र निर्माण होता है। लिटिल स्टार शैलेष मेमोरियल स्कूल तथा बी.टी.ग्रुप प्रो.सुबोध जैन ने कहा कि विद्यालय तथा महाविद्यालय में खेलों के माध्यम से समग्र व्यक्तित्व का निर्माण होता है इसलिये बी.टी. ग्रुप के शैक्षणिक संस्थाओं में खेलों को पर्याप्त महत्व प्रदान किया जाता है। स्वागत भाषण एसोसियेशन अध्यक्ष डॉ. अरूण साव ने दिया. संस्था डॉयरेक्टर संदीप जैन तथा डॉ.राजू टंडन भी उपस्थित थे।

## एक नजर में



### कैप्टन पोद्दार की जयंती पर पुष्पांजलि

**रहली .** अमर शहीद कैप्टन श्रीकांत पोद्दार की जन्म जयंती पर युवकों ने क्राँतिवीर पार्क पहुँचकर शहीद स्मारक पर पुष्पाँजलि अर्पित की. केप्टिन का जन्म मणी ग्राम में हुआ था. उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक सागर शाखा में चयनित होने के बाद बैंक सेवा छोड़ दी और महार रेजिमेंट में सैकिंड लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति हुई. 1971 में भारत पाक युद्ध के दौरान ड्यूटी पँजाब के फजलिका सेक्टर में कमांडर के पद पर लगाई गई,इसी युद्ध के दौरान मातृभूमि की रक्षा करते हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए. तत्कालीन नगर पालिका परिषद में पार्षद रहे सुशील जैन ने बताया कि 1997/98 में नगर पालिका परिषद ने शहीद श्रीकांत पोद्दार का स्मारक निर्मित कराया था जिसे वर्ष 24-25 में बस स्टैंड से हटाकर कृषक खेल परिसर के बाहर स्थानांतरित कर दिया गया. श्रद्धांजलि देने वालों में अंकेश हजारी, साहित्य जैन, हरभजन पटेल, पृथ्वी ठाकुर, उमेश सेन शामिल रहे.



### अभाविप ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**सागर.** डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय में प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की विवि इकाई की ओर से कुलपति को ज्ञापन सौंपकर नियुक्त किए गए प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों के शैक्षणिक दस्तावेजों की पुन: जांच कराने की मांग की गई. ज्ञापन में मांग की कि नियुक्तियों से संबंधित सभी दस्तावेजों की निष्पक्ष एवं निर्धारित नियमों के अनुसार जांच कराई जाए. जांच के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर संबंधित प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई की जाए. ज्ञापन सौंपने के दौरान विश्वविद्यालय अध्यक्ष गौरव मिश्रा, विश्वविद्यालय मंत्री मनोमयी मंडेला, उपाध्यक्ष शिवम द्विवेदी, दुष्यन्त यादव, छात्रावास प्रमुख भास्कर पांडे तथा कार्यालय मंत्री यशदीप खटीक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे.



### उदयपुर शालीमार एक्सप्रेस अब दो दिन चलेगी

**सागर.** रेल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए सांसद डॉ. लता वानखेड़े के लगातार प्रयासों को सफलता मिली है.रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद डॉ. वानखेड़े को पत्र लिखकर सूचित किया है कि उदयपुर सिटी-शालीमार सुपरफास्ट एक्सप्रेस के संचालन की आवृत्ति सप्ताह में एक दिन से बढ़ाकर दो दिन करने की स्वीकृति दी गई. सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने कहा कि ट्रेन के फेरे बढ़ाने से सागर, बीना-मालखेड़ी सहित आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों, व्यापारियों, कारीगरों, यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा.



### पीएमश्री स्कूल में छतरी वितरण कार्यक्रम

**सागर.** संकल्प फाउंडेशन ने पटकुई बारारू स्थित पीएम श्री स्कूल में छतरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया. इस दौरान संकल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष रिशांक तिवारी के नेतृत्व में फाउंडेशन की टीम ने विद्यार्थियों को छतरियां बांटी. फाउंडेशन के सदस्यों ने विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों से भी बारिश के दौरान उन्हें होने वाली परेशानियों के संबंध में जानकारी ली. कार्यक्रम में प्रधानाचार्य सतीशचंद्र पांडे, भारती तिवारी, संगीता खरे, विक्रम गुरु, नीरज करोसिया, निष्कर्ष दुबे, कार्तिक जाटव, कमलेश जाटव, शिवांक तिवारी, शुभम गौतम मौजूद थे.

# राखी दुकान में करंट, एक मृत

नवभारत न्यूज

**सागर 22 अगस्त. कटरा नमक मंडी स्थित राखी दुकान में बारिश के चलते करंट फैल जाने से एक युवक की मौत हो गई है जो कि दुकान का संचालन कर रहा था.**

कोतवाली थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चमैली चौक बड़ा बाजार निवासी विजय जैन उम्र 45 वर्ष कटरा बाजार में राखी दुकान लगाए था. जिसमें आज अचानक दोपहर में करंट फैल गया. जिससे वह बेहोश हो गया और आसपास के लोगों द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया. जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम के लिए शव भेज दिया गया. मालूम हो कि कटरा नमक मंडी में लगभग ढाई दशक से रक्षाबंधन पर्व के दौरान राखी की दुकानों के लिए स्थान एक सप्ताह के लिए दिया जाता है जिसका शुल्क भी निगम के बाजार विभाग द्वारा रसीद काटकर विधिवत लिया जाता है. विद्युत व्यवस्था के लिए दुकानदार अस्थाई कनेक्शन विद्युत मंडल के नगर संभाग कार्यालय के द्वारा लेते है.



**धामोनी-सागर मार्ग बंद**

**सागर. धामोनी से सागर की ओर जाने वाले मार्ग पर बहरोल से निकली नदी का जलस्तर बढ़ने से पुल पर पानी आ गया है जिसके चलते उपरोक्त मार्ग पूरी तरह बंद हो गया है और आने-जाने वाले लोगों के लिए अन्य मार्गों से जाना पड़ रहा है.**

### पुरस्कार वितरण आज

**सागर.** भाग्योदय तीर्थ में चल रहे निर्यापक मुनिश्री अभय सागर महाराज ससंघ के वर्षायोग चातुर्मास के अवसर पर मुकुट सप्तमी पर लाडू प्रतियोगिता आयोजित हुई थी. मुकेश जैन ढाना ने बताया कि प्रतियोगिता में 23 प्रतियोगियों ने भाग लिया, पुरस्कार वितरण 23 अगस्त रविवार को होगा. 5 से 18 किलो वजन तक के लाडू बनाए गए थे. चयन समिति ने डॉ रिद्धि जैन, अधिवक्ता सिद्धि जैन, नीता राजकुमार जैन को प्रथम पुरस्कार आटा चक्की, प्रीति जैन भगवानगंज को एयर फायर द्वितीय पुरस्कार दीक्षा शशांक जैन विद्यासागर नगर को इंडक्शन तृतीय पुरस्कार के लिए चुना गया.

# त्यौहारों के मद्देनजर शस्त्र प्रदर्शन पर रोक

नवभारत न्यूज

**सागर 22 अगस्त. ईद मिलाद उन नबी एवं रक्षाबंधन आदि को शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई.**



पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा. उन्होंने निर्देश दिए कि धार्मिक आयोजनों को पूरी तरह धार्मिक ही रहने दें और उन्हें राजनीतिक रंग न दें. सभी जुलूस एवं आयोजन पूर्व निर्धारित पारंपरिक मार्गों से ही निकलेंगे और किसी भी नए मार्ग की अनुमति नहीं होगी. इसके साथ ही आतिशबाजी और शस्त्र प्रदर्शन पर पूर्णत: रोक रहेगी. अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने त्योहारों से पूर्व सभी नागरिक सुविधाएं दुरुस्त करने के लिए विभागीय अधिकारियों को समयसीमा में कार्य करने के सख्त निर्देश दिए. उन्होंने नगर निगम को प्रमुख मार्गों चौराहों और आयोजन स्थलों पर विशेष साफ-सफाई एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा.

# अंकलेश्वर अध्यक्ष, जितेन्द्र सचिव ; आरती कोषाध्यक्ष

**सागर 22 अगस्त।** जिला अधिवक्ता संघ सागर के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव मे डॉक्टर अंकलेश्वर दुबे अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। डॉक्टर दुबे ने आठ मतो के अंतर से निकटतम प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा है। शुक्रवार को संघ की कार्यकारिणी के लिए मतदान संपन्न हुआ था और पहली बार 91 प्रतिशत मतदान हुआ। आज शनिवार की सुबह मतगणना शुरू हुई और दोपहर बाद कार्यकारिणी के निर्वाचित पदाधिकारियो की घोषणा कर दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी केके दुबे और उप निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता



महेश नेमा ने बताया कि अध्यक्ष पद के प्रत्याशी डॉक्टर अंकलेश्वर दुबे को 573 मत प्राप्त हुए और निर्वाचित घोषित किए गए। वही निकटतम प्रत्याशी संजय द्विवेदी को 565, रामदास राज को 203 और के के राय केवल 09 मत हासिल कर सके। उपाध?यक्ष पद पर रश्मि तनेजा को 800 और मेहजबीन अली को 540 मत प्राप्त हुए और तनेजा निर्वाचित घोषित की गई। सचिव पद पर जितेन्द्र राठौर को 478 मत प्राप्त हुए और निर्वाचित घोषित किए गए। निकटतम प्रत्याशी दुष्यंत मिश्रा 312 मत हासिल कर सके।



# मिष्ठान कारखाने, होटल पर छापा

नवभारत न्यूज

**सागर 22 अगस्त. आगामी त्योहारों के मद्देनजर आमजन को शुद्ध और मानक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है.**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी शीतल सिंह द्वारा बम्होरी बिका स्थित राजस्थान स्वीट्स के कारखाने का औचक व सघन निरीक्षण किया गया. जांच के दौरान संस्थान संचालक को खाद्य सुरक्षा से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने तथा कारखाने में कीट नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करने के कड़े निर्देश दिए गए. कारखाने से गुणवत्ता परीक्षण हेतु मीठा मावा, बेसन लड्डू, मोतीचूर दाना एवं मिल्क केक के नमूने विधिवत जब्त किए गए. कटरा स्थित न्यू शुभम होटल में उपभोक्ता की शिकायत पर तत्परता से जांच की गई होटल की रसोई में उपयोग किए जा रहे पनीर एवं तुअर दाल के नमूने भी लिए गए. खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि संग्रहित किए गए सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है.

### बोरासी आज आयेंगी

**सागर.** महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बौरासी सेतिया 23 अगस्त को सागर प्रवास पर रहेंगी. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्रीमती बौरासी 23 अगस्त को सुबह 8 बजे भोपाल से कार द्वारा सागर के लिए प्रस्थान करेंगी. सागर पहुंचने के बाद दोपहर 12 बजे श्रीमती बौरासी सेतिया जिला ग्रामीण महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती रिचा सिंह के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी. इसके बाद दोपहर 1:30 बजे मीडिया से चर्चा करेंगी. शाम 4 बजे छात्रों की गूंज कार्यक्रम के अंतर्गत अ.जा. एवं अ.ज.जा. छात्रावास, बड़तूमा में आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती बौरासी सेतिया शामिल होंगी. सागर प्रवास के अंत में शाम 5 बजे वे सागर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगी.

# उद्यम को पांचवे पुरुषार्थ में अपनाएं

नवभारत न्यूज

**सागर 22 अगस्त. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कॉलेज वाणिज्य विभाग द्वारा विश्व उद्यमिता दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम हुआ.**

मुख्य अतिथि उद्योग संघ सागर के उपाध्यक्ष डॉ. गुलाब समैया रहे. विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ उद्यमशीलता अपनाने और रोजगार तलाशने के बजाय स्वयं रोजगार सृजक बनने के लिए प्रेरित किया गया. प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के साथ उद्यम को भी पुरुषार्थ के रूप में देखा जाना चाहिए. उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रेरित किया. आगामी रोजगार मेले का लाभ उठाने पर जोर दिया गया.




मुख्य अतिथि डॉ. समैया ने देश की जीडीपी और तरक्की के लिए युवाओं का उद्योग जगत में उतरना जरूरी है. उन्होंने बताया कि वर्ष 1985 में सागर के औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के बावजूद स्टील बर्तन निर्माण और ग्रेनाइट कटिंग-पॉलिशिंग यूनिट की शुरुआत की गई. महाविद्यालय परिवार के अनुरोध पर विद्यार्थियों के लिए चनाटोरिया स्थित औद्योगिक इकाइयों के एक्सपोजर विजिट की सहमति भी दी गई. कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. अमर कुमार जैन ने किया तथा आभार डॉ. अमितेष सोनी ने व्यक्त किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं वाणिज्य विभाग के विद्यार्थी उपस्थित रहे.

# अस्पताल में सुरक्षा दृष्टि से आवश्यक सुधार करें

नवभारत न्यूज

**राहतगढ़ 22 अगस्त. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभ पाल ने जैसीनगर भ्रमण दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैसीनगर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं, मरीजों को मिल रही सुविधाओं और अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया.**

कलेक्टर ने चिकित्सकों की उपस्थिति एवं ड्यूटी रोस्टर की जांच की. उन्होंने स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की ड्यूटी एवं उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली. इंजेक्शन कक्ष, नर्सिंग स्टेशन, बाह्य रोगी विभाग और ड्यूटी कक्ष का निरीक्षण किया.



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने दवा वितरण कक्ष एवं औषधि भंडार का जायजा लिया. उन्होंने दवाओं के स्टॉक और उनकी समाप्ति तिथि की जांच की. उन्होंने निर्देश दिए कि दवाओं का व्यवस्थित संधारण किया जाए. कलेक्टर ने नेत्र परीक्षण कक्ष, प्रसव पूर्व प्रतीक्षा कक्ष और प्रसव कक्ष का भी निरीक्षण किया. उन्होंने प्रसव कक्ष में स्वच्छता, आवश्यक उपकरण, दवाओं की उपलब्धता और आपातकालीन व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए. अस्पताल भवन के निरीक्षण के दौरान जिन ब्लॉकों में पानी गिरने अथवा रिसाव की स्थिति पाई गई, वहां सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक सुधार कराने के निर्देश दिए गए. साथ ही जरूरत के अनुसार प्रभावित सेवाओं को सुरक्षित ब्लॉक में स्थानांतरित करने के लिए कहा गया.

### जागरुकता कार्यक्रम

**रहली.** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में भारतीय अक्षय ऊर्जा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में उद्बोधन, चलचित्र प्रदर्शन एवं संकल्प कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस अवसर पर अजय पटेल, सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान ने अक्षय ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विचार साझा किए. कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण एवं स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया. आयोजन प्रकोष्ठ प्रभारी जया पांडेय के मार्गदर्शन में किया गया.

# सेल्समेन को 3 वर्ष की सजा

नवभारत न्यूज

**सागर 22 अगस्त. बूंद तेल कंपनी के सेल्समेन द्वारा दुकानदारों से 11,86,314/-रूपये की राशि वसूल कर कंपनी में जमा न धोखाधड़ी कर बेईमानी से हड़प लेने के मामले में षष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश दिलीप सिंह परमार की अदालत ने दो वर्ष एवं तीन वर्ष का सश्रम कारावास और एक-एक हजार रूपये के अर्थदंड से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया.**

जानकारी के अनुसार बूंद मल्टी प्रोसेसिंग प्रा.लि. के सेल्समेन आरोपी राहुल साहू निवासी राजीव नगर वार्ड हाल निवासी यशोदा बिहार कॉलोनी को अपर लोक अभियोजक हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि बूंद तेल कंपनी के डायरेक्टर फरियादी विनीत जैन ने थाना कोतवाली में एक लिखित आवेदन पेश किया कि, कंपनी में करीब 10-12 साल से राहुल साहू सेल्समेन की नौकरी कर रहा है, जो कंपनी के तेल दुकानदारो को माल बेचना एवं उनसे पेमेन्ट लेने का काम करता था. राहुल साहू पथरिया मार्केट में पेमेंट लेने निकला था, शाम को जब राहुल साहू पेमेन्ट जमा करने ऑफिस नहीं आया, तब उसने राहुल साहू को अनेक बार फोन लगाये तथा कंपनी के कर्मचारियों ने भी राहुल के मोबाईल पर अनेक बार फोन लगाये, किन्तु उसने फोन रिसीव नहीं किया और शाम करीब 06:30 बजे उसका मोबाईल बंद हो गया.